भारत सरकार

भारी उद्योग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 458**

**दिनांक 21.07.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत**

**ऑटोमोबाइल और ऑटो-कंपोनेंट तथा बैटरी भंडारण हेतु उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन योजना**

458. **श्री ससिकांत सेंथिलः**

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) ऑटोमोबाइल और ऑटो-कंपोनेंट क्षेत्र तथा उन्नत रसायन सेल बैटरी भंडारण के लिए उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन योजनाओं के अंतर्गत वितरित किए गए प्रोत्साहनों का ब्यौरा क्या है और इसके अंतर्गत कितना निवेश तथा रोजगार सृजित हुआ है;

(ख) इन योजनाओं के अंतर्गत स्थापित की गई इकाइयों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या तमिलनाडु, जो सबसे बड़े ऑटोमोबाइल-विनिर्माण राज्यों में से एक है, को उसके अनुरूप आनुपातिक हिस्सा प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) उत्तरी तमिलनाडु सहित ऑटोमोबाइल संकुलों में सहायक और लघु उद्योगों को सहायता प्रदान करते के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**भारी उद्योग राज्य मंत्री**

**(श्री भूपतिराजु श्रीनिवास वर्मा)**

(क): भारत सरकार ने दिनांक 23.09.2021 को भारत में ऑटोमोबाइल एवं ऑटो अवयव उद्योग के लिए उत्पादन-संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई-ऑटो) योजना को ₹25,938 करोड़ के बजटीय परिव्यय के साथ अनुमोदित किया जिसका उद्देश्य उन्नत ऑटोमोटिव प्रौद्योगिकी (एएटी) उत्पादों के क्षेत्र में भारत की विनिर्माण क्षमताओं को सुदृढ़ करना है। सभी राज्यों में पीएलआई-ऑटो योजना के कार्यान्वयन की स्थिति निम्नानुसार है:-

| **पैरामीटर** | **31.03.2026 तक कुल** |
|---|---|
| **निवेश (करोड़ में)** | 44,326 |
| **रोज़गार सृजन (संख्या)** | 67,820 |
| **वितरित प्रोत्साहन राशि (करोड़ में)** | ₹2,386.36 |

मई, 2021 में ₹18,100 करोड़ के परिव्यय के साथ 50 गीगावाट-घंटा क्षमता हेतु "राष्ट्रीय उन्नत रसायनिकी सेल (एसीसी) बैटरी भंडारण कार्यक्रम" पर उत्पादन-संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को अनुमोदित किया गया था। आज तक पीएलआई-एसीसी योजना के अंतर्गत किसी भी लाभार्थी फर्म द्वारा प्रोत्साहन राशि का दावा नहीं किया गया है। लाभार्थी फर्मों द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, दिनांक 31.05.2026 तक इस योजना के अंतर्गत ₹5,180 करोड़ का निवेश हुआ है तथा 1,277 प्रत्यक्ष रोजगार सृजित हुए हैं।

(ख) से (घ): पीएलआई-ऑटो एक अखिल भारतीय स्कीम है तथा अनुमोदित आवेदक देश में कहीं भी अपनी विनिर्माण इकाइयाँ स्थापित करने के लिए स्वतंत्र हैं। पीएलआई-ऑटो योजना के अंतर्गत स्थापित इकाइयों का राज्यवार विवरण (तमिलनाडु सहित) निम्नानुसार है:

| **राज्य** | **दिनांक 31.03.2026 की स्थिति के अनुसार विनिर्माण इकाइयों की संख्या** |
|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 2 |
| असम | 1 |
| गुजरात | 10 |
| हरियाणा | 35 |
| झारखंड | 2 |
| कर्नाटक | 28 |
| केरल | 1 |
| मध्य प्रदेश | 6 |
| महाराष्ट्र | 66 |
| पुडुचेरी | 1 |
| पंजाब | 1 |
| राजस्थान | 7 |
| तमिल नाडू | 38 |
| तेलंगाना | 5 |
| उत्तर प्रदेश | 13 |
| उत्तराखंड | 9 |
| **कुल योग** | **225** |

पीएलआई-एसीसी स्कीम के अंतर्गत विनिर्माण इकाइयों का राज्यवार विवरण निम्नानुसार है:

| **वर्तमान परियोजना/ कंपनी का नाम** | **आवंटित क्षमता (गीगावाट-घंटा में)** | **स्थान** |
|---|---|---|
| एसीसी एनर्जी स्टोरेज प्राइवेट लिमिटेड | 5 | कर्नाटक |

| | | |
|---|---|---|
| ओला सेल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड | 20 | तमिल नाडू |
| रिलायंस न्यू एनर्जी बैटरी स्टोरेज लिमिटेड | 5 | गुजरात |
| रिलायंस न्यू एनर्जी बैटरी लिमिटेड | 10 | |
| **कुल** | **40** | |

*****